दिन–बुधवार दिनांक– 21 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राज्य की दो राज्यसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए एनडीए के दोनों उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। भारतीय जनता पार्टी के मनन कुमार मिश्रा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्मंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। अभी तक किसी और प्रत्याशी के नामांकन भरने की सूचना नही है। उपचुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। कल नामांकन पत्रों की जाँच होगी जबकि सत्ताईस अगस्त तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते है। अगर आवश्यक हुआ तो तीन सितम्बर को मतदान होगा और उसी दिन मतों की गिनती की जायेगी।

————————————————————————

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में राज्य के सरकारी अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टर की हड़ताल आज भी जारी है। पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस और प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पतालों में ओपीडी सेवा प्रभावित है। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, केन्द्रीय अस्पतालों में डॉक्टरों की हड़ताल समाप्त होने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है। पटना एम्स में आज से ओपीडी सेवा सुचारू रूप से शुरू कर दी गई है। डॉक्टरों के ड्यूटी पर वापस आने से अस्पताल में अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी बहाल हो गई है।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर हाल के फैसले के विरोध में रिजर्वेशन बचाओ संघर्ष समिति द्वारा बुलाए गए भारत बंद का आज राज्य में मिला–जुला असर देखा जा रहा है। बंद समर्थकों ने हाजीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद और कई अन्य स्टेशनों के रेलवे ट्रैक पर विरोध प्रदर्शन किया,

जिससे ट्रेन सेवाओं का परिचालन प्रभावित हुआ। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बंद समर्थकों द्वारा विरोध मार्च और सड़क अवरोध के कारण यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पटना के डाक बंग्ला चौराहे पर पुलिस ने बंद समर्थको को रोका जिसके बाद प्रदर्शनकारी उग्र हो गये। प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। राज्य के अलग–अलग हिस्सों से भी में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पों की खबर मिली है। इधर, बंद के आवाह्न के मद्देनजर पटना में निजी स्कूल प्रबंधन ने एहतेयात के तौर पर पहले ही स्कूल बंद करने की घोषणा की थी। वहीं, सरकारी स्कूल, शैक्षणिक संस्थान, बैंक और अन्य प्रतिष्ठान सामान्य दिनों की तरह खुले हैं।

———————————————————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की चौथे चरण की परीक्षा आज राज्यभर के पाँच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इस दौरान कुछ स्थानों पर कदाचार का प्रयास करते कुछ अभ्यर्थियों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन कुल छह चरणों में किया जा रहा है।

———————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण और कैमूर जिला के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पश्चिम चंपारण, किशनगंज, कैमुर, रोहतास और औरंगाबाद जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। वहीं, कटिहार, बांका, भागलपुर, बक्सर, भोजपुर समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

———————————————————————————————

राज्य के उत्तर–पश्चिम भागों के साथ ही कई पड़ोसी राज्यों में बारिश के कारण गंगा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना के दीघाघाट और हाथीदह में बढ़ रहा है। वहीं, सोन नदी पटना

के मनेर में, घाघरा नदी सीवान के गंगपुर सिसवन और सारण के छपरा में, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में उफान पर है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से करीब दो मीटर ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी का जलस्तर भी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान के ऊपर बना हुआ है।

———————————————————————————

सुपौल जिले के सरायगढ़ से रेलवे स्टेशन से देवघर के बीच चलाई जा रही श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि को बढ़ाकर बाईस सितम्बर तक कर दिया गया है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज में खाहर नदी पर पुल की जर्जर स्थिति के विरूद्ध ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ये पुल नरकटियागंज और गौनाहा को जोड़ता है।

———————————————————————————

समाप्त